कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2023 / 1530 रायपुर, दिनांक 06/05/23

प्रेस विज्ञप्ति

व्यापम द्वारा आयोजित प्रवेश एवं भर्ती परीक्षाओं हेतु प्रोफाइल पंजीकरण के सम्बंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा निकट भविष्य में विभिन्न प्रवेश एवं भर्ती परीक्षाएँ आयोजित की जायेगी । यह देखा गया है कि आमतौर पर एक ही आवेदक कई परीक्षाओं हेतु आवेदन करते हैं । प्रत्येक आवेदन में उन्हें अपनी व्यक्तिगत जानकारी बार–बार भरनी होती है । अभ्यर्थियों की सुविधा की दृष्टि से व्यापम ने आवेदकों के प्रोफाइल पंजीकरण की व्यवस्था अपने पोर्टल पर की है। एक बार व्यापम के पोर्टल में प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) करने के बाद परीक्षा विशेष के लिए आवेदन करने हेतु आवेदक को बार–बार व्यक्तिगत जानकारी नहीं भरनी होगी । यह जानकारी उनके प्रोफाइल पंजीयन से स्वमेव आ जायेगी । इससे त्रुटि की संभावना कम होगी ।

अभ्यर्थी इस बात का ध्यान रखें कि अब व्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के आवेदन पत्र भरने के पूर्व व्यापम के पोर्टल पर प्रोफाइल पंजीकरण करना अनिवार्य है । प्रोफाइल पंजीकरण सिर्फ एक बार करना होगा तथा उसी प्रोफाइल पर लॉगिन कर अभ्यर्थी व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षाओं का आवेदन भर सकेगा । पंजीकरण हेतु व्यापम के पोर्टल का यू.आर.एल https://vyapam.cgstate.gov.in/online/ है।

अभ्यर्थियों को यह विशेष हिदायत दी जाती है कि प्रोफाइल बनाते समय पूर्ण सावधानी बरतें । क्योंकि प्रोफाइल का एक बार उपयोग करने के पश्चात् इसमें सुधार सिर्फ व्यापम में उपस्थित होने के बाद ही किया जा सकेगा, जिसके लिए शुल्क भी देय होगा ।

कृपया उक्त विज्ञप्ति अभ्यर्थी के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

नियंत्रक

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल

रायपुर